वीडियो बना रही 13 वर्षीय बच्ची पर कुल्हाड़ी से हमला

जमीन विवाद में चचेरे भाइयों ने किया वार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 27 मई। जिले के सतनवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित सकलपुर गांव में मंगलवार दोपहर जमीन सीमांकन के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान घटना का वीडियो बना रही 13 वर्षीय बच्ची पर उसके चचेरे भाइयों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सकलपुर निवासी कौशलेन्द्र राजावत ने बताया कि मंगलवार को उनकी बोर वाली जमीन का सीमांकन करने पटवारी गांव पहुंचे थे। मौके पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। हालांकि, सीमांकन की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही पटवारी वापस लौट गए, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद भड़क गया। आरोप है कि विवाद के दौरान वीरेन्द्र राजावत ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच कौशलेन्द्र की बेटी यशिका राजावत (13) अपने मोबाइल से इस घटना का वीडियो रिकॉर्ड करने लगी। यह देखकर वीरेन्द्र नाराज हो गया और उसने यशिका पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वार से यशिका के पैर, जांघ, टखने और हाथ में गंभीर चोटें आईं और तेजी से खून बहने लगा। हमले के बाद मौके पर मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर बच्ची को बचाया और उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। सतनवाड़ा थाना पुलिस ने कौशलेन्द्र की शिकायत के आधार पर आरोपी वीरेन्द्र राजावत, आदित्य राजावत और पुनीत राजावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

पक्षियों के लिए दाना-पानी की अनूठी पहल शुरू

नवभारत न्यूज

पोहरी, 27 मई। भीषण गर्मी में जहां इंसान ही नहीं बल्कि पक्षी भी पानी और भोजन के संकट से जूझ रहे हैं, वहीं प्रशासन द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए पक्षियों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जनपद पंचायत पोहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आफीसर सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की शुरुआत ग्राम नोनेटा खुर्द से की। इस दौरान गांव में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे एवं दाना पात्र रखवाए गए तथा ग्रामीणों से भी गर्मी के मौसम में पक्षियों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती धानवती आदिवासी, सचिव साविर खान, सहायक सचिव रजनीश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आफीसर सिंह गुर्जर ने कहा कि जल संरक्षण के साथ-साथ जीव-जंतुओं और पक्षियों की सुरक्षा भी समाज की जिम्मेदारी है। इस अभियान के माध्यम से लोगों में पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही

194 किलो गांजा कीमत 38 लाख रुपये के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

नवभारत न्यूज

करैरा 27 मई। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ कर अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं करैरा एस.डी.ओ.पी. आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में 27 मई को थाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पिछोर, बामौर तरफ से एक सिल्वर कलर की क्रेटा कार से 02 व्यक्ति अवैध रूप से गाँजा लेकर करैरा कस्बा तरफ आ रहे है, उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पाल की कालोनी करैरा के पास जाकर चैकिंग लगाई तभी कुछ देर बाद टीला तरफ से एक सिल्वर कलर की क्रेटा कार आती दिखी जिसे घेराबंदी कर रोका उसे चैक किया तो कार की ड्राइवर वाली शीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम नीरज राय पुत्र कैलाश राय उम्र 40 साल निवासी राय मोहल्ला टीला थाना करैरा का होना बताया ओर ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मानसिंह विश्वकर्मा पुत्र वनमाली उम्र 36 साल निवासी नयाताल टीला थाना करैरा का होना बताया कार की तलासी लेने पर पीछे वाली शीट पर हरे / काले रंग की प्लास्टिक की 07 बोरी रखी मिली बोरी को खोलकर विधिवत चैक किया तो बोरी मे से तीक्ष्ण गंध आ रही थी उसमे सफेद रंग के पोलिथीन के पैकेट जो सेलो टैप से पैक थे उनको खोलकर चैक किया तो उनमे मटमेले रंग का सूखी हुई पत्तियां, कलिया बीच मे आपस मे लिपडी हुई मिली प्रत्येक बोरी मे 28 पैकेट रखे हुए थे आरोपियों द्वारा बोरियों मे गांजा का रखा होना स्वीकार किया, दोनों आरोपियों से उक्त गांजा को रखने का वैध लायसेंस चाहा तो अपने पास कोई वैध लायसेंस नही होना बताया। गांजा को विधिवत जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण के विरूद्ध अप.क्र. 346/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

बरामद माल-

01. गांजा 194 किलो कीमती 38,00,000 रुपये,02. एक कार झुन्डई क्रेटा कार किमती 10,00,000 रुपये,कुल माल मशरूका - 48 लाख रुपये

सराहनीय भूमिका - थाना प्रभारी करैरा, विनोद छावई, राज कुमार सिंह चाहर,पुष्पेन्द्र सिहं चौहान, चरण सिंह, प्रआर डैनी कुमार, हरेन्द्र सिंह गुर्जर, मत्स्येन्द्र सिंह गुर्जर आर 1181 दामोदर परिहार (सायवर सैल) आर 117 रामअवतार गुर्जर, आर 822 जितेन्द्र कुमार, आर सोनू श्रीवास्तव।

ईद का त्योहार शांति के साथ मनाएं : थाना प्रभारी

नवभारत न्यूज

करैरा, 27 मई। आज करैरा में बकरीद का पर्व मनाया जाएगा इसे ईद उल अजहा या ईद ए कुर्बान के नाम से जाना जाता है । यह इस्लाम धर्म के लिए प्रमुख और पवित्र त्यौहारो में से एक है जो भाईचारे इंसानियत और त्याग का प्रतीक माना जाता है इस दिन दिनारा के सभी मुस्लिम भाईयों के द्वारा सुबह ईदगाह या मस्जिदो में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की जाएगी है शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए दिनारा थाना प्रभारी रविंद्र कुशवाहा ने बताया यह आपसी भाईचारे का त्यौहार है।

इसे मिल जुलकर गले लगकर शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं और दिनारा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रखें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें अफवाहों से बचें दिनारा थाना परिसर शांति समिति की इस बैठक में दिनारा की गणमान्य नागरिक हमारे मुस्लिम भाई, जनप्रतिनिधि पत्रकार बंधु एवं आम जन नागरिक दिनारा पुलिस स्टाफ के समस्त लोगों ने एकत्रित होकर शांति समिति की बैठक को सफल बनाया।

बदरवास के 5 विद्यालय ब्रॉन्ज अवार्ड के लिए नामित, 9 शिक्षक होंगे सम्मानित

स्कूल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम में बदरवास की शालाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के प्रयासों को मिली प्रदेश स्तर पर पहचान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 27 मई। मध्य प्रदेश शासन के स्कूल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत गुणवत्ता मानकों के आधार पर जनपद शिक्षाकेंद्र बदरवास के पांच शासकीय विद्यालयों को ब्रॉन्ज अवार्ड के लिए नामित किया गया है। वहीं शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरोदिया को गोल्ड श्रेणी के लिए चयनित किया गया है। यह उपलब्धि विद्यालयों के शैक्षणिक, प्रबंधन एवं विद्यार्थियों की दक्षता के आधार पर किए गए तृतीय पक्ष मूल्यांकन के बाद प्राप्त हुई है।

बीआरसी अंगद सिंह तोमर ने बताया कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय अटलपुर, देरहदागणेश, बिजरोनी, चकमोहम्मदपुर एवं रामपुरी को ब्रॉन्ज अवार्ड के लिए नामित किया गया है। यह मूल्यांकन मध्य प्रदेश स्टार्स कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शालाओं को सम्मानित करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 47 जिलों के 451 विद्यालयों का मूल्यांकन एसीईआर संस्था द्वारा किया गया था। 6 से 11 अप्रैल तक फील्ड इन्वेस्टिगेटरों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। बदरवास विकासखंड के छह विद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विकासखंड का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया गया है।

एफएलएन क्विज प्रतियोगिता में 9 शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित एफएलएन क्विज प्रतियोगिता में बदरवास विकासखंड के नौ शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त किया है। इन शिक्षकों को राज्य स्तर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दुर्गेश यादव, राजेश कुमार शर्मा, महेश जाटव, प्रेम सिंह कलावत, रामबाबू रघुवंशी, संजय कुमार शर्मा, बद्री प्रसाद लोधी, कल्याण सिंह नरवरिया एवं कपिला ट्रिकी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, डीपीसी दफेदार सिकरवार, प्रोग्रामर जुगराज प्रजापति, एपीसी करारे, अतर सिंह राजोरिया, हरीश शर्मा एवं संतोष कुर्मी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं। गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज श्रेणी में चयनित संस्थाओं तथा एफएलएन प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों का जिला स्तर पर सम्मान किया जाएगा। बीआरसी अंगद सिंह तोमर ने इस सफलता का श्रेय पूरी बीआरसी टीम, बीएसी, जनशिक्षकों एवं जिला शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन को देते हुए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

ज्वैलर्स की दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शिवपुरी। रन्नौद थाना पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित करीब डेढ़ लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 22 जून 2025 को रन्नौद निवासी अजय सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मां की शारदा ज्वैलर्स दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए थे। मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के निर्देशन में गठित टीम ने करीब 150 से 200 सीसीटीवी कैमरों की जांच और साइबर तकनीक की मदद से आरोपियों की तलाश की। जांच के दौरान सूचना मिलने पर पुलिस ने छोटा सूरज पारदी (32) निवासी ग्राम सेवढ़ा, थाना सुभाषपुरा को ग्वालियर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

पृष्ठ एक का शेष...

आरोपी समर्थ को लेकर घर पहुंची सीबीआई

कोर्ट में दोनों पक्षों के अधिवक्तओं के बीच तीखी बहस भी हुई. कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. सीबीआई को कोर्ट ने इस मामले में पक्षकार बनाया है. हाईकोर्ट में ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा पैरवी कर रहे हैं. नवनिधि शर्मा ने ही मामले में अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराई थी. नवनिधि शर्मा ने बेटी ट्विशा की मौत का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है. ट्विशा शर्मा की 12 मई को संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी. पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ ने इस आत्महत्या बताया. इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस पहले दिन से ही सक्रिय होकर जांच में जुटी. सीएम मोहन यादव के निर्देश के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है. सीबीआई की टीम मामले में कार्रवाई कर रही है.

टीएमसी नेता के ठिकाने से चार बैग और एक बोरा नोट बरामद फिलहाल पुलिस नकदी की गिनती और जांच में जुटी है. इससे पहले भी पुलिस ने दीपांकर के ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 80 लाख रुपये नकद और 4000 सरकारी तिरपाल जब्त किए थे. आरोप है कि ये तिरपाल प्राकृतिक आपदा प्रभावित लोगों के लिए भेजे गए थे. वहीं दुर्गापुर-फरीदपुर क्षेत्र में भी पुलिस ने टीएमसी के मजदूर यूनियन नेता शेख वसुल को गिरफ्तार किया है. उस पर बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली और चुनाव के दौरान दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप हैं. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है.

असम बना यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करने के लिए एनडीए के सभी विधायकों का आभार भी जताया. असम अब उत्तराखंड और गुजरात के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है.सरकार का कहना है कि यह कानून समाज में समानता, महिलाओं को न्याय और परिवार व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम ऐसे सुधारों के साथ आगे बढ़ता रहेगा जो समाज को मजबूत करें, महिलाओं को न्याय दिलाएं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी एकता को बढ़ावा दें.उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू कर राज्य ने संविधान निर्माताओं की उस भावना को आगे बढ़ाया है, जिसमें सभी नागरिकों के लिए समान कानून की परिकल्पना की गई थी।विधानसभा में यह विधेयक सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा द्वारा पेश किया गया था. सत्ता पक्ष के नेताओं ने इसे सभी वर्गों के लिए लाभकारी बताते हुए समर्थन किया, जबकि विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया.कांग्रेस विधायक दल के नेता वाजेद अली चौधरी ने कहा कि जिन मुद्दों को यूसीसी के तहत शामिल किया गया है, वे पहले से अलग-अलग कानूनों द्वारा नियंत्रित हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि जब बाल विवाह, बहुविवाह, विवाह पंजीकरण, तलाक और गुजारा भत्ता जैसे मामलों के लिए कानून पहले से मौजूद हैं, तो नए कानून की आवश्यकता क्यों पड़ी. विपक्ष के विरोध के बावजूद सरकार ने विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे राज्य में समान नागरिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी और सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा.

ईद पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

नरवर, 27 मई। आगामी पर्व ईद-उल-अज़हा (बक़रीद) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर बुधवार को नरवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस थाना प्रभारी के द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

बैठक में नायब तहसीलदार ओमप्रकाश तिवारी एवं थाना प्रभारी विनय यादव ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि बकरीद पर्व के दौरान शासन के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि नगर में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। वहीं नगरीय प्रशासन को गर्मी के चलते पानी की व्यवस्था और ईदगाह के आस पास क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए । इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सगीर अहमद खान ने सभी समुदायों से आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं उपस्थित नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भोला, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण शर्मा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलामंत्री बसर अली, मनोज सक्सेना, छविराम गुर्जर, नारायण कुशवाह सहित पुलिस स्टाफ एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं नगरीय क्षेत्र पर विशेष निगरानी रखने की बात भी कही गई।

उन्नतशील कृषकों को मिलेगा पुरस्कार, आवेदन 30 तक

शिवपुरी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 हेतु राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25,000 एवं विकास खण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 10,000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में नवीन कृषि तकनीकी अपनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन्नतशील कृषकों को प्रदान किए जाएंगे।पुरस्कार हेतु पात्र कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने वैज्ञानिक विधियों से कृषि उत्पादन में नवाचार किया है और तकनीकी अंगीकरण को अपनाकर उल्लेखनीय कार्य किया है, वे समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन 30 मई तक अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

ग्राहक पंचायत दूध हड़ताल के विरोध में

शिवपुरी। जिले में दूध सप्लाई बंद कर दूधियों द्वारा की जा रही हड़ताल अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला शिवपुरी ने इस हड़ताल को अवैधानिक बताते हुए इसका खुलकर विरोध किया है। संगठन ने कहा कि दूध जैसी दैनिक जरूरत की वस्तु की सप्लाई रोककर आम जनता को परेशान करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं माना जा सकता। ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी और कार्य समिति सदस्य हरवीर सिंह चौहान ने संयुक्त प्रेस नोट जारी कर कहा कि दूध की हड़ताल का सीधा असर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों पर पड़ रहा है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दूध के लिए भटकना पड़ रहा है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि जनता की परेशानी को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर दूध आपूर्ति सुचारू कराई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि आवश्यक सेवाओं को इस तरह बाधित किया गया तो ग्राहक पंचायत आम नागरिकों के हित में बड़ा आंदोलन भी खड़ा कर सकती है।



लुधावली में महिला को लाठी-डंडों से पीटा

शिवपुरी। शहर के देहात थाना क्षेत्र के लुधावली इलाके में मंगलवार को एक महिला पर लाठियों से बेरहमी से हमला किया गया। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है ।घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, घायल महिला आरती प्रजापति का अपने पड़ोसी ज्योति बाल्मीक से लंबे समय से विवाद चल रहा था। मंगलवार रात करीब 10 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। विवाद बढने पर ज्योति बाल्मीक सहित 4 से 5 लोगों ने आरती प्रजापति पर लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है।

अवैध उर्वरक गतिविधियों पर नकेल कसने नई पहल

सूचना देने वालों को मिलेगा 1000 रुपये का इनाम, पहचान रहेगी पूरी तरह गोपनीय

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 27 मई। जिले में अवैध उर्वरक विक्रय, कालाबाजारी, नकली एवं मिलावटी उर्वरकों के निर्माण और विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। यह योजना 20 मई 2026 से 30 सितंबर 2026 तक प्रभावशील रहेगी। इसके तहत अवैध उर्वरक गतिविधियों की सूचना देने वाले नागरिकों, किसानों एवं व्यापारियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास पीएस करोरिया के अनुसार योजना के अंतर्गत प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल कार्रवाई करेगा। सूचना सही पाए जाने पर सूचना दाता को प्रति सूचना 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे उसके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

ये गतिविधियां मानी जाएंगी अवैध

योजना के अंतर्गत बिना लाइसेंस उर्वरक विक्रय, निर्धारित सीमा से अधिक उर्वरक भंडारण, अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री (कालाबाजारी), नकली एवं मिलावटी उर्वरकों का निर्माण और विक्रय, बिना लाइसेंस उर्वरक निर्माण, अनुदानित उर्वरकों जैसे यूरिया का औद्योगिक उपयोग तथा अनाधिकृत रूप से उर्वरक परिवहन जैसी गतिविधियों को अवैध माना गया है।

हेल्पलाइन पर दे सकते हैं सूचना

अवैध गतिविधियों की सूचना सीएम किसान हेल्पलाइन नंबर 155253 पर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक दी जा सकती है। सूचना में संबंधित स्थान, समय, गतिविधि का विवरण, संबंधित व्यक्ति या संस्था का नाम-पता तथा उपलब्ध फोटो, वीडियो अथवा दस्तावेज जैसे साक्ष्य भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

किसानों और नागरिकों से सहयोग की अपील

जिला प्रशासन ने किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे उर्वरकों की कालाबाजारी, नकली उर्वरकों के कारोबार और अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी तत्काल साझा करें, ताकि शासन की इस महत्वपूर्ण पहल को सफल बनाया जा सके तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध हो सकें।